कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

डॉ0 टीकम चंद पुत्र श्री लल्लूराम मौहल्ला गंगा बाग तहसील व मुख्य पोस्ट राजगढ जिला अलवर राजस्थान– 301408

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा

अपील संख्या 07/2023

निर्णय दिनांक 01.03.2023

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाने के निर्देश प्रदान किये गये।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बांदीकुई को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2023/293 दिनांक 01.02.2023 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई जिला दौसा ने पत्र कमांकः आरटीआई/2022/1819 दिनांक 23.2.2023 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना राजकीय कन्या महाविद्यालय बांदीकुई से संबंधित होने से पत्र कमांक:45 दिनांक 30.11.2022 के द्वारा प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय बांदीकुई को स्थानान्तरित की जाकर आवेदक को सूचित किया गया था। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना राजकीय कन्या महाविद्यालय बांदीकुई से संबंधित होने से एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय बांदीकुई के विरूद्ध अपील का श्रवणाधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को नहीं होने से अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified
Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.07.28 12:49:11 IST
Reason: SelfAttested